बी.पी.एस.सी.
63वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य अध्ययन-II)
B.P.S.C 63rd Mains Exam
(General Studies-II)

2018

(General Studies/सामान्य अध्ययन)

(Paper-II/पत्र-II)

Instructions:

- *The Figures in the margin indicate full marks.*
- *Answer eight question, selecting three each from Section-I and Section-II, and any two from Section-III.*
- *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
- *All questions have printed both in English and Hindi. In case of any ambiguity in Hindi version, the English version shall be considered authentic.*
- *Parts of the same question must be answered together and must not be interposed between answers to other questions.*

निर्देश:

- *उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।*
- *खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से तीन-तीन प्रश्नों और खंड-III में से किंही दो प्रश्नों का चयन करते हुए कुल आठ प्रश्नों के उत्तर दें।*
- *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
- *सभी प्रश्न अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में छपे हैं। यदि हिंदी भाषा में कोई संदेह है, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जाएगा।*
- *एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर ने लिखे जाएँ।*

खंड-1/Section-II

1. Critically examine the role of Election Commission of India in the conduct of free and fair election. What purpose does the Electoral Identity Card serve in this regard? 38

   स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन में भारत के निर्वाचन आयोग की भूमिका गंभीरता से जाँच करें। इस संबंध में चुनावी पहचान-पत्र किस उद्देश्य से कार्य करता है?

2. Do you agree that Indian Politics today primarily revolves around development politics rather than ascriptive politics? Discuss with reference to Bihar. 38

   क्या आप सहमत हैं कि भारतीय राजनीति आज मुख्य रूप से वर्णनात्मक राजनीति की बजाय विकास राजनीति के आस-पास घूमती है? बिहार के संदर्भ में चर्चा करें।

3. What are the implications of growing regional political parties on the Indian party politics in recent times? 38

   हाल के दिनों में भारतीय पार्टी की राजनीति पर बढ़ते क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रभाव क्या हैं?

4. What is the difference between Constitution and Constitutionalism? Critically discuss the doctrine of 'basic structure' as enunciated by the Supreme Court of India. 38

   संविधान और संवैधानिकता के बीच क्या अंतर है? भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित 'मूल संरचना' के सिद्धांत के बारे में गंभीरता से जाँच करें।

5. Centrally Sponsored Schemes have always been a point of contention between the Centre and States. Discuss by citing relevant examples. 38

   केंद्र प्रायोजित योजनाएँ, केंद्र और राज्यों के बीच हमेशा विवाद का मुद्दा रही हैं। प्रासंगिक उदाहरणों का हवाला देते हुए चर्चा करें।

खंड-II/Section-II

6. Presently highlight the major problems of Indian agriculture and suggest way to remove them adn discuss the major programs being run by the Government for the development of Indian agriculture. 38

   वर्तमान में भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दूर करने हेतु सुझाव दें। साथ ही भारतीय कृषि के विकास हेतु सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रमुख कार्यक्रमों की चर्चा करें।

7. Discussing the estimation of poverty in India, explain the factors responsible for poverty. Which programs are being run by the Indian government to remove poverty? 38

भारत में गरीबी के अनुमान पर चर्चा करते हुए गरीबी के लिये ज़िम्मेदार कारकों की व्याख्या करें। भारत सरकार द्वारा गरीबी दूर करने के लिये कौन-कौन से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं?

8. Explain the reasons why India's major large-scale industries have been estalished in geographical areas in some special areas. Explain main key industries of India. 38

भारत के प्रमुख बड़े पैमाने के उद्योग भौगोलिक दृष्टि से कुछ विशेष क्षेत्रों में ही स्थापित हो पाए हैं, इसके कारणों की व्याख्या करें एवं भारत के प्रमुख बुनियादी उद्योगों की व्याख्या करें।

9. Explain in detial the major minerals known in India. Discuss their contribution in the economic development of Indian economy as well as tell the key points to India's new mineral policy. 38

भारत में पाए जाने वाले प्रमुख खनिजों की विस्तार से व्याख्या करें। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास में इनके योगदान की चर्चा करें, साथ ही भारत की नई खनिज नीति के प्रमुख बातों को बताएँ।

खंड-III / Section-III

10. Explain in detail, how the advances in the field of nuclear energy helped in the development of our country. Also comment on the use of nuclear energy in power production field. Outline the positive and negative sides of nuclear energy. 36

नाभिकीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति, हमारे देश के विकास में किस प्रकार से सहायक है, विस्तार से समझाएँ। नाभिकीय ऊर्जा किस प्रकार से देश की कुल ऊर्जा के उत्पादन के क्षेत्र में सहायक, चर्चा करें। नाभिकीय ऊर्जा के सकारात्मक एवं ऋणात्मक पक्ष को स्पष्ट करें।

11. What progress India has made in the field of space satellite launching? What are the advantage and disadvantage of launching multisatellites in space? How does the entry in this field help India to strengthen its economy? 36

उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के क्षेत्र में भारत ने क्या प्रगति की है? एक से अधिक उपग्रहों को एकसाथ अंतरिक्ष में भेजे जाने के सकारात्मक एवं ऋणात्मक पक्ष को स्पष्ट करें। भारत के इस क्षेत्र में प्रवेश करने से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में किस प्रकार सहायता मिली है?

12. What do you mean by Software? How is the Software Industry backbone of country's economic development? Comment on the development of computer languages and our country's contribution in this era. 36

सॉफ्टवेयर से आप क्या समझते हैं? देश के आर्थिक विकास में कैसे सॉफ्टवेयर उद्योग रीढ़ की हड्डी के समान है, समझाएँ। कंप्यूटर की भाषाओं के विकास पर अपना मत स्पष्ट करें तथा समझाएँ कि हमारे देश का इस क्षेत्र में क्या योगदान है?

13. What do you mean by Global Warming? How is India contributing in minimising its effects? Comment on saying, "The world would submerge in water in coming future by the mistakes committed by human being of this planet". 36

ग्लोबल वार्मिंग क्या है? ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले प्रभाव को कम करने के लिये किये जाने वाले प्रयासों में भारत का क्या योगदान है? "निकट भविष्य में पूरा विश्व, इस ग्रह के मानव के द्वारा की जाने वाली गलतियों के कारण, पानी में डूब जाएगा।" उक्त कथन पर अपने विचार स्पष्ट करें।